संख्या-422/2021/787ई/23-11-2021-1/2(23)/17टी0सी0

प्रेषक,

राजेश कुमार पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 18 अगस्त, 2021**

विषय:- वित्तीय वर्ष 2021-22 में राज्य राजमार्गो के चौड़ीकरण/सुदृढीकरण के चालू कार्यो पर धनावंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-3364बी0जी0/7बी0-मांग/2021-22, दिनांक 27-07-2021, संख्या-3372बी0जी0/7बी0-मांग/2021-22, दिनांक 27-07-2021, संख्या-3378बी0 जी0/7बी0-मांग/2021-22, दिनांक 27-07-2021, संख्या-3449बी0जी0/7बी0-मांग/2021-22, दि0 29-07-2021 एवं पत्र संख्या-3692बी0जी0/7बी0-मांग/2021-22, दिनांक 05-08-2021 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य राजमार्गो के चौड़ीकरण/सुदृढीकरण के अधोलिखित 10 चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल रू0 9941.17 लाख (रू0 निन्यानबे करोड़ इकतालिस लाख सत्रह हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	खण्ड का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत/ प्रावैधिक लागत	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि		
					अनु0 स0-58	अनु0 स0-83	योग
1	2	3	4	5	6	7	8
1	नि0ख0-2 बदायूँ	जनपद बदायूँ मे पीलीभीत बरेली मथुरा भरतपुर मार्ग (राज्य मार्ग सं0-33) के कि0मी0 102.115 से 131.00 तक दो लेन विद पेव्ड शोल्डर चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य (लम्बाई 29.285 कि0मी0)	**9582.65**	**8343.52**	**157.58**	**42.42**	**200.00**
2	नि0ख0-1 मुजफ्फर नगर	जनपद मुजफ्फरनगर मे मुजफ्फरनगर जानसठ मीरापुर (राज्य मार्ग सं0-12) के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य (लम्बाई 3.100 कि0मी0)	**2362.11**	**166.71**	**393.95**	**106.05**	**500.00**
3	नि0ख0-2 आजमगढ़	जनपद आजमगढ़ में लखनऊ-बलिया मार्ग (राज्य मार्ग सं0-34) के कि0मी0 217 से 260 (685) तक (लम्बाई 43.685 कि0मी0) चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण तथा मार्ग के दोनों तरफ 1.50 मीटर चौड़ाई में पेव्ड शोल्डर एवं आबादी भाग में मार्ग के दोनों ओर यू-टाईप ड्रेन का निर्माण कार्य।	**12581.90**	**11680.26**	**710.40**	**191.24**	**901.64**
4	नि0ख0 कन्नौज	एन0एच0-234 के तिर्वो से बेला मार्ग (चैनेज 142.00 से 123.00 तक) का 04 लेन में चौड़ीकरण कार्य।	**13936.05**	**13239.25**	**527.12**	**141.90**	**669.02**
5	प्रा0ख0 एटा	जनपद एटा में कायमगंज मार्ग (एटा प्रभाग) (राज्य मार्ग सं0-121) कि0मी0 11 से 17 (860) (लम्बाई 6.68 कि0मी0) में चौड़ीकरण का कार्य।	**912.98 846.95**	**498.49**	**222.64**	**59.94**	**282.58**
6	नि0ख0-3 लखीमपुर खीरी	जनपद लखीमपुर खीरी में सीतापुर-गोला-अलीगंज-बिजुआ (राज्य मार्ग सं0-135) के चैनेज 79.050 से 80.550 तक (लम्बाई 1.50 कि0मी0) में चौड़ीकरण का कार्य।	**485.80**	**42.06**	**260.46**	**70.12**	**330.58**
7	नि0ख0 अलीगढ़	जनपद अलीगढ़ में अलीगढ़ राया मथुरा मार्ग (राज्य मार्ग सं0-80) के कि0मी0 17, 18, 19, 20, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38 (774), 39 (609) 40, 42 (666), 42 (980) एवं 43 (200) (लम्बाई 16.223 कि0मी0) में सुदृढीकरण एवं आबादी भाग में सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य।	**2478.52**	**400.00**	**488.21**	**131.42**	**619.63**
8	नि0ख0 बलरामपुर	जनपद बलरामपुर में बांसी इटवा बेलहा मार्ग (राज्य मार्ग सं0-159) के चैनेज 47.000 से 77.825 (लम्बाई 30.825 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।	**8551.02**	**1000.00**	**1684.34**	**453.42**	**2137.76**
9	प्रा0ख0 बलरामपुर	जनपद बलरामपुर में बहराईच-सिरसिया तुलसीपुर-गुलरिहा मार्ग (राज्य मार्ग सं0-158) के चैनेज 69.050 से 85.00 (लम्बाई 15.95 कि0मी0) का	**5199.85**	**1899.96**	**1024.24**	**275.72**	**1299.96**

		चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।					
10	प्रा0ख0 उन्नाव	जनपद उन्नाव में पुरवा मिरौकला भगवन्तनगर दूधीकगार मार्ग (राज्य मार्ग सं0-185) (लम्बाई 55.60 कि0मी0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	**14332.88**	**0.00**	**2363.70**	**636.30**	**3000.00**
योग:-					**7832.64**	**2108.53**	**9941.17**

(1) प्रश्नगत चालू कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों तथा बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों/स्थाई आदेशों आदि का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की शेष शर्ते एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेंगी।

2- प्रश्नगत कार्य पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान सं0-58 के लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-03-राज्य राजमार्ग-337-सड़क निर्माण कार्य-03-राज्य राजमार्गो का निर्माण कार्य-0303-राज्य राजमार्गो के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण के चालू कार्यो हेतु व्यवस्था-24-वृहत निर्माण कार्य एवं अनुदान सं0-83 के लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-03-राज्य राजमार्ग-789-अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना-03-राज्य मार्गो के चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण के कार्यो हेतु-00-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-03/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021 दिनांक 22-03-2021 द्वारा प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

संख्या-422/2021/787ई(1)/23-11-2021-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
5- मुख्य अभियन्ता (मु0-1) लोक निर्माण विभाग लखनऊ।
6- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
8- वित्त व्यय (नियंत्रण) अनु0-8/वित्त आय-व्ययक अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
9- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
10- अधीक्षण अभियन्ता नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
11- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
12- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
13- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in